दुर्गा सिंह
उप सचिव

अर्द्धशा.प. सं-888 ई-2/तेरह-2024-1862073
आबकारी विभाग, उ.प्र. शासन,
लखनऊः दिनांक 23 अक्टूबर, 2024

आदरणीय महोदय,

शासनादेश दिनांक 26-03-2021 के अनुसार प्रदेश में गैर शीरा पदार्थों (अनाज/आलू/चुकन्दर/स्वीट सोरगम/ सोरगम स्टेम आदि अन्य रा-मैटीरियल) से एथनॉल उत्पादन करने की दशा में आसवनियों/यवासवनियों (ब्रेवरीज) की क्षमता का विस्तार किये जाने, शीरे से अल्कोहल का उत्पादन करने वाली पूर्व से स्थापित आसवनियों को दोहरी फीड डिस्टिलरियों में परिवर्तित किये जाने एवं नयी आसवनियों/यवासवनियों (ब्रेवरीज) की स्थापना की अनुमति के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों पर गुणावगुण के आधार पर विचार कर संस्तुति करने के लिये प्रमुख सचिव, आबकारी विभाग, उ.प्र.शासन की अध्यक्षता में एक समिति गठित है, जिसमें आप स्वयं(क्र.-8) तथा आप द्वारा नामित अधिकारी, जो विशेष सचिव की श्रेणी से न्यून न हो, सदस्य/ विशेष आमंत्री (क्र.-7) सदस्य हैं।

2. उक्त समिति की **बैठक दिनांक 28.10.2024 को अपराह्न 03:50 बजे से बापू भवन, द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष** में आहूत की गयी है जिसमें मेसर्स बघौली शुगर एण्ड डिस्टलरी लिमिटेड, ग्राम बीकापुर पोस्ट सौतेरा (बघौली), जनपद हरदोई द्वारा 100 कि.ली. प्रतिदिन अर्थात् वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर 350 लाख लीटर अधिष्ठापित क्षमता की अनाज पर आधारित औद्योगिक आसवनी, जिसके अन्तर्गत रेक्टिफाइड स्प्रिट/ई.एन.ए./अब्सोल्यूट अल्कोहल/एथनॉल का उत्पादन एवं विक्रय किया जायेगा, स्थापित किये जाने अनुमति के सम्बन्ध में विचार किया जाना है।

3. अत: अनुरोध है कि कृपया उक्त प्रस्तावित बैठक में प्रतिभाग करने हेतु किसी ऐसे अधिकारी, जो विशेष सचिव की श्रेणी से न्यून न हो, को नामित करने का कष्ट करें। बैठक से संबंधित विषय का एजेण्डा संलग्न है।

भवदीय,

Signed by
Durgga Singha
Date: 23-10-2024 16:19:53

(दुर्गा सिंह)
उप सचिव ।

1. श्री मनोज कुमार सिंह,
   अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ.प्र. शासन।
2. श्री दीपक कुमार,
   अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ.प्र. शासन।
3. श्री बी.एल. मीणा,
   अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र. शासन।
4. श्री रविन्द्र,
   प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ.प्र. शासन।
5. श्री आलोक कुमार,
   प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उ.प्र. शासन।
6. श्री के. रविन्द्र नायक,
   प्रमुख सचिव, पशुधन विभाग, उ.प्र. शासन।
7. श्री मनोज सिंह,
   अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र.शासन।
8. आबकारी आयुक्त,
   उ.प्र., प्रयागराज।

संलग्नक:यथोक्त।

संख्या: 888 (1) ई-2/तेरह-2024, तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-
(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(2) निजी सचिव, विशेष सचिव, आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,

( दुर्गा सिंह )